## संपादकीय

# घाटे में अमेरिका

नया साल शुरू होने से ठीक पहले दो ऐसी घटनाएं हुईं जिनसे आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका का दो दशक लंबा अभियान सवालों के घेरे में आ गया है। 31 दिसंबर, यानी बीते मंगलवार को इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर उग्र प्रदर्शनकारियों की भीड़ चढ़ दौड़ी। ये लोग ईरान समर्थित मिलिशिया के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमलों से नाराज थे।

अमेरिका ने इस औचक गतिविधि के पीछे ईरान का हाथ बताया और दोनों देशों में जुबानी जंग छिड़ गई। इसके दो दिन बाद प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास परिसर से पीछे हट गए लेकिन तब तक जो हो चुका था, उससे इराक में अमेरिका की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। दूसरी घटना इससे एक दिन पहले अफगानिस्तान में घटित हुई, जहां तालिबान के हमले में 14 अफगान सैनिकों की जान चली गई।

यह कोई अलग-थलग घटना नहीं है। बीते साल में तालिबान और आइसिस के कई हमले अफगानिस्तान में देखने को मिले हैं। अलबत्ता सोमवार को हुए हमले की अहमियत इस बात में है कि हफ्ता भर पहले अमेरिका और तालिबान में समझौते की बातचीत आखिरी चरण में बताई जा रही थी। समझौते पर दस्तखत के लिए अमेरिका की शर्त युद्धविराम घोषित करने की थी।

खबरों के मुताबिक तालिबान इसके लिए सैद्धांतिक सहमति भी दे चुका था। इसके बावजूद उसके द्वारा इतनी बड़ी सैन्य कार्रवाई के गहरे निहितार्थ हैं। इस हमले में किसी अमेरिकी सैनिक की जान नहीं गई है, लेकिन एक बात तय है कि अमेरिका के लिए इस चुनावी साल में अपने सैनिकों को अफगानिस्तान से वापस लाना आसान नहीं होगा।

देखा जाए तो आतंक के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के दो बड़े लक्ष्य थे- इराक और अफगानिस्तान में अलकायदा और तालिबान के ढांचे को नेस्तनाबूद करना, साथ ही पश्चिमी एशिया में अपना और अपने खास दोस्त सऊदी अरब का वर्चस्व कायम करना। दोनों ही मामलों में हालत आधे भरे गिलास जैसी है। सद्दाम हुसैन, ओसामा बिन लादेन, मुल्ला उमर और अल बगदादी मारे जा चुके हैं। अलकायदा और बाद में उभरे आइसिस का ढांचा भी ध्वस्तप्राय है। लोन वुल्फ कहलाने वाले कुछ अलग-थलग आतंकी भले ही जब-तब अपनी हरकतों से दुनिया को चौंकाते रहें, लेकिन योजना बनाकर किसी बड़े हमले को अंजाम देने की हालत उनकी नहीं बची है।

बावजूद इसके, अफगानिस्तान पर तालिबान अपनी पकड़ बनाए हुए हैं और अमेरिका लाख चाहकर भी वहां से अपनी जान नहीं छुड़ा पा रहा। दूसरी तरफ सद्दाम हुसैन का सत्ता ढांचा उखड़ जाने और बशर अल असद का दायरा सिमट जाने के चलते धुर अमेरिका विरोधी शक्ति ईरान को अपने प्रभाव विस्तार के लिए इराक और सीरिया जैसे दो देश मिल गए हैं। ऐसे में पश्चिमी एशिया और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका की चुनौतियां इतनी बढ़ गई हैं, जितनी अरब-इजराइल युद्ध के बाद कभी नहीं थीं। तो दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति ने इतनी लंबी लड़ाई क्या घाटा उठाने के लिए लड़ी?

# यमुना को इतना स्वच्छ बनाएंगे कि उसमें लोग लगा सकेंगे डुबकी: केजरीवाल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी सरकार फिर चुनकर आती है तो वो यमुना को स्वच्छ बनाएंगे. उन्होंने दावा किया कि वो यमुना को न केवल स्वच्छ बनाएंगे बल्कि उसे ऐसा बनाएंगे कि दिल्ली के लोग उसमें डुबकी भी लगा सकेंगे. शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली में चौथी टाउन हॉल बैठक को संबोधित करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि अगले पांच साल में यमुना की सफाई आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली में दोबारा सत्ता में आने पर यमुना को इतना स्वच्छ बनाया जाएगा कि इसमें दिल्ली के लोग डुबकी लगा सकेंगे.



केजरीवाल ने वहां उपस्थित लोगों से पूछा कि, 'क्या आपको लगता है कि हमें यमुना को साफ करना चाहिए?' इसका जवाब हां में मिला. उन्होंने कहा कि 'यमुना में, बहुत सारा सीवर का पानी और औद्योगिक कचरा बहाया जाता है. हमने इसकी पहचान कर ली है. मैं यह पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगले पांच वर्षों के भीतर, यमुना साफ होगी. अगले विधानसभा चुनाव से पहले, आप सभी यमुना में स्नान कर सकेंगे और तब मैं आपके साथ डुबकी लगाऊंगा. हम यमुना को उस स्तर तक साफ करेंगे.' उन्होंने कहा कि दिल्ली में अभी काफी काम किया जाना बाकी है. सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपना यह वादा भी दोहराया कि सरकार में फिर से आने पर विद्यार्थियों के लिए बसों में यात्रा निःशुल्क (मुफ्त) की जाएगी।

# कोटा के जेके लोन अस्पताल पहुंची केन्द्रीय टीम

**» लोकसभा अध्यक्ष भी पीड़ित परिवारों से मिले**

**जयपुर (आरएनएस)।** कोटा के जेके लोन अस्पताल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक विशेष टीम भी पहुंच गई है। आपको बताते जाए कि बच्चों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 107 पहुंच गया है।

शनिवार सुबह एक और नवजात बच्ची ने दम तोड़ा दिया है। कोटा के सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने भी आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया है। इस दौरान जोधपुर एम्स की टीम भी अस्पताल पहुंची। टीम ने डॉक्टरों, कर्मचारियों से चर्चा करने के



साथ-साथ वहां की व्यवस्था का भी जायजा लिया। राज्य सरकार ने बच्चों की मौत के मामले में जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों की मौत का मुख्य कारण हाइपोथर्मिया बताया गया है। इसके अलावा अस्पताल के लगभग हर तरह के उपकरण और व्यवस्था में खामियां बताई गई हैं।

## ईरान टेंशन से रुपये में कमजोरी, सोना 752 रुपये महंगा हुआ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मजबूत वैश्विक रुख और रुपये में कमजोरी से शुक्रवार को दिल्ली में सोना 752 रुपये उछलकर 40,652 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोना 39,900 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्यॉरिटीज के मुताबिक , चांदी भी 960 रुपये की तेजी के साथ 48,870 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी दिन में चांदी 47,910 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्यॉरिटीज के (परामर्श प्रमुख - पीसीजी) देवर्ष वकील ने कहा , वैश्विक बाजार में मजबूत कीमत और रुपये में कमजोरी से दिल्ली में 24 कैरेट वाले सोने का हाजिर भाव 40,652 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया।



रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 42 पैसे गिरकर 71.80 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वकील ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिवाली में तेजी आने से सोने के भाव में तेजी आई है।

## वाराणसी-भुवनेश्वर के बीच इंडिगो शुरू करेगी रोजाना फ्लाइट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उड़ान योजना के तहत इंडिगो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रोजाना उड़ान भरेगी। इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले दो महीने में 6 नए रूट पर रोजाना फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। नई सेवा प्रयागराज-गोरखपुर, आइजोल-अगरतला और वाराणसी-भुवनेश्वर के बीच शुरू होने जा रही है। हवाई सेवा के विस्तार के लिए उड़ान योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से एयरलाइन कंपनियों को इनसेंटिव दी जाती है जिससे किराया कम रहता है। इस योजना का मकसद पूरे देश में हवाई सेवा का जाल बिछाना है। इंडिगो ने कहा कि वह फरवरी तक कोलकाता-गोरखपुर, गोरखपुर-कोलकाता, कोलकाता-पटना, पटना-कोलकाता, आइजोल-गुवाहाटी, गुवाहाटी-आइजोल, वाराणसी-गुवाहाटी और गुवाहाटी-वाराणसी रूट पर भी रोजाना हवाई सेवा शुरू करेगी।

# अडाणी पोर्ट्स खरीदेगी कृष्णपत्तनम पोर्ट कंपनी की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई (आरएनएस)।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन ने शुक्रवार को कहा कि वह कृष्णपत्तनम पोर्ट कंपनी की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने कहा कि यह सौदा नकदी में किया जाएगा। इस सौदे के तहत कृष्णपत्तनम पोर्ट कंपनी का मूल्यांकन 13,500 करोड़ रुपये का किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस सौदे से उसे 2025 तक 40 करोड़ मीट्रिक टन की क्षमता हासिल करने का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी।



कृष्णपत्तनम पोर्ट कंपनी आंध्रप्रदेश के दक्षिणी हिस्से में स्थित बंदरगाह का संचालन करती है जिसने 2018-19 में 5.4 करोड़ मीट्रिक टन माल की ढुलाई की।

# एचडीएफसी ने 0.05 प्रतिशत कम की खुदरा आवास ऋण की ब्याज दरें

**नयी दिल्ली (आरएनएस)। आवास ऋण कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड ने ब्याज की दर 0.05 प्रतिशत कम करने की शुक्रवार को घोषणा की। यह फैसला नये और पुराने दोनों तरह के ग्राहकों के लिये लागू होगा।**




इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक बाह्य मानक पर आधारित अपनी ब्याज दर को पहली जनवरी से 8.05 प्रतिशत से घटाकर 7.80 प्रतिशत कर चुका है। एचडीएफसी ने एक बयान में कहा कि उसने अपनी खुदरा आवास ऋण पर प्रधान ब्याज दर (आरपीएलआर) को 0.05 प्रतिशत कम किया है। संशोधित दर छह जनवरी से लागू होगी।

बैंक अपने आवास ऋणों पर परिवर्तनशील दर को आरपीएलआर के आधार पर तय करता है। नयी दरें 8.20 प्रतिशत से नौ प्रतिशत के दायरे में रहेंगी।

## टिकटॉक पर आए क्रिस गेल



**नईदिल्ली।** वेस्ट इंडीज के क्रिकेट खिलाड़ी क्रिस गेल उन खेल सितारों में शामिल हो गए हैं, जो हाल ही में वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म टिकटॉक से जुड़े हैं। हालांकि यह निश्चित नहीं है कि गेल टिकटॉक पर क्या करेंगे, लेकिन उन्होंने जो पहला वीडियो पोस्ट किया है, उससे लगता है कि वह टिकटॉक स्टार के रूप में ढेर सारी मस्ती करने वाले हैं। गेल द्वारा पोस्ट किए गए पहले वीडियो में वह सबसे आखिरी में आते हैं, उनसे पहले कुछ युवा टिकटॉक यूजर्स आते हैं और अंत में क्रिस भी वीडियो में नजर आते हैं। गेल ने गहरे ग्रे रंग का टी-शर्ट पहन रखा है, जिस पर एटीट्यूड लिखा हुआ है। गेल के वीडियो पर अब तक 234 हजार लाइक्स मिल चुके हैं।

## टी20 इंटरनैशनल में बड़े रेकॉर्ड से सिर्फ एक रन दूर हैं विराट



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली टी20 इंटरनैशनल में एक बड़े रेकॉर्ड से सिर्फ एक रन दूर हैं। रविवार को श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में एक रन बनाते ही कोहली रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल विराट कोहली और रोहित शर्मा 2633 रनों के साथ बराबरी पर हैं। रोहित को श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज में आराम दिया गया है। इसका अर्थ है कि कोहली के पास अपनी टीम के साथी खिलाड़ी से आगेन निकलने के पर्याप्त मौके होंगे। कोहली ने 75 टी20 इंटरनैशनल मैचों की 70 पारियों में 52.66 के औसत से रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 हाफ सेंचुरी लगाई हैं। वहीं रोहित ने 104 मैच खेले हैं और 32.10 के औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने चार शतक और 19 अर्धशतक लगाए हैं।

# फिल्म सूर्यवंशी में कटरीना का रोल, डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने किया खुलासा


**अक्षय कुमार और कटरीना कैफ बॉलिवुड में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले ऑन-स्क्रीन कपल्स में से एक हैं।**

'नमस्ते लंदन' से अपना जादू दिखाने के बाद यह जोड़ी रोहित शेट्टी की अगली फिल्म 'सूर्यवंशी' में नजर आने वाली है। सूर्यवंशी में दोनों के साथ आने की घोषणा के बाद से दोनों स्टार्स के फैन्स उन्हें फिर से देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने कटरीना के रोल को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। रोहित हाल ही में नेहा धूपिया के शो में नजर आए थे, जहां उन्होंने यह खुलासा किया।



रोहित शेट्टी ने बताया कि कटरीना फिल्म में एक डॉक्टर के रोल में नजर आने वाली हैं। 'गोलमाल' के डायरेक्टर ने यह भी बताया कि कटरीना एक चि ज मास्टर की तरह हैं क्योंकि वह बहुत सारे सवाल पूछती रहती हैं। उन्होंने कहा, वह बहुत सारे सवाल पूछती हैं...क्या यह ठीक है? क्या यह सही है? मैं उसे बताता था कि वह सुंदर दिख रही है, लेकिन एक समय के बाद मैं जवाब देना बंद कर देता था।' कुछ दिन पहले ही रोहित की फिल्म सिम्बा' के एक साल पूरे हुए हैं। इस मौके पर रोहित ने फिल्म का एक टीजर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने सूर्यवंशी की झलक दिखाई थी। इस टीजर में रणवीर सिंह, अजय देवगन और अक्षय कुमार नजर आए थे। जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में कटरीना और अक्षय फेमस सॉन्ग टिप टिप बरसा पानी के रीक्रिएशन में नजर आएंगे।

## लूडो का पहला लुक जारी , महिला के भेष में दिखे राजकुमार राव



पिछले काफी समय से डायरेक्टर अनुराग बसु अपनी आने वाली फिल्म में बिजी हैं और अब उन्होंने इस फिल्म का नाम लूडो रखा है। इस मल्टी-स्टारर फिल्म में राजकुमार राव, आदित्य रॉय कपूर, अभिषेक बच्चन, फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, पंकज त्रिपाठी और रोहित सरफ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब फिल्म से राजकुमार राव का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का यह फर्स्ट लुक फैन्स के लिए न्यू इयर के गिफ्ट जैसा है। इसमें राजकुमार राव को आप पहचान नहीं पाएंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर 2 तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह एक महिला के लुक में दिख रहे हैं जबकि दूसरी तस्वीर में वह एक बाइक पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। राजकुमार ने जैसे ही ये तस्वीरें शेयर कीं तो फैन्स इनकी तारीफ में कॉमेंट करने लगे।

## आज का राशिफल

*मेष:* आपकी राशि का स्वामी मंगल वृश्चिक राशि का होकर अष्टम आयु केंद्र में है। आज का दिन किसी विशेष व्यवस्था में बीतेगा।

*वृषभ:* आपकी राशि का स्वामी शुक्र नवम भाव में संचार कर रहा है। शुक्र संपूर्ण शुभ दृष्टि से तृतीय पराक्रम भाव को देख रहा है।

*मिथुन:* आपकी राशि का स्वामी बुध सप्तम केंद्र भाव में गुरु के साथ में सूर्य के साथ विराजमान धनु: राशि में है।

*कर्क:* कर्क राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से नवम चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्चा भी संभव है।

*सिंह:* राशि का स्वामी सूर्य बुध के साथ होकर पंचम संतान भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध के पंचम भाव में होने से व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा।

*कन्या:* आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आयेंगे। सोच-समझ से काम लेते हुए सबका सम्मान करें। यही लोग आगे चलकर आपके काम आएंगे।

*तुला:* आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से चतुर्थ भाव में कोष वृद्धि व मन संतोषकारक है। आज का दिन आनंद में बीतेगा।

*वृश्चिक:* राशि का स्वामी मंगल स्व राशि जन्मस्थान भाव में चंद्रमा पंचम घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

*धनु:* आपकी राशि का स्वामी देवगुरू बृहस्पति पिछले कई दिनों से धनुः राशि में चल रहा है, चंद्रमा भी आज चतुर्थ भाव में अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष वृद्धि कर सकता है।

*मकर:* आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से बारहवें घर में और चंद्रमा तृतीय भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार-व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

*कुंभ:* आज आपकी राशि से एकादश में शनि व मंगल का योग और मीन राशि में चंद्रमा भाग्य वृद्धि करेगा। धन-कर्म और कीर्ति की वृद्धि होगी।

*मीन:* आज के दिन हो सकता है कि आपका धन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर अधिक खर्च हो। इसके अलावा यह भी योग है कि आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। इससे आपका मन भी प्रसन्न रहेगा।

# घर पर आसानी से बनाइए पनीर की खीर

खाने पीने के मामले में हम भारतीयों का कोई जवाब नहीं है. मौका चाहे दोस्तों से मिलने का हो या फिर किसी खास के घर जानें का. बिना मिठाई कोई बात बन जाए ऐसा हो ही नहीं सकता. पनीर की खीर, चावल की खीर की तरह की बहुत ज्यादा स्वादिष्ट होती है. खास बात यह है कि इसे बनाने में समय बहुत ही कम लगता है. आइए जानते हैं कैसे बनाई जाती है पनीर की खीर.




### पनीर की खीर बनाने के लिए सामग्री

दूधः आधा लीटर
चीनीः स्वाद अनुसार
पनीरः 100 ग्राम
इलायचीः 2-3 पीसी हुई
ड्राई फ्रूट्सः काजू, बादाम, नारियल (कद्दूकस किया हुआ), किशमिश

### पनीर की खीर बनाने की विधि

- कच्चे दूध को गैस पर उबाल आने तक पकाएं. जब दूध अच्छे से उबल जाए तो गैस धीमी कर लें और कुछ देर पका लें
- अब पनीर को लें और इसे कद्दूकस पर अच्छे से घिस लीजिए.
- दूध में घिसा हुआ पनीर मिलकर गैस पर धीमी आंच पर पकाइए.
- जब दूध और पनीर अच्छी तरह से मिल जाए तो इलमें स्वाद अनुसार चीनी डालकर गैस से उतार लीजिए.
- अब इसमें थोड़ा सा इलायची पाउडर डालिए और अच्छे से मिक्स कीजिए.
- दोस्तों और मेहमानों के सामने ड्राईफ्रूट्स मिक्स करके गर्मागर्म परोसिए।

## शब्द सामर्थ्य- 95

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कोड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | बा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |